आत्मनिर्भर भारत

स्ट्रीट वेंडरों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार का एक और सार्थक प्रयास

# पीएम स्वनिधि के तहत लाभुकों को मिला लोन की राशि



## 49 लाभुकों को मिला पीएम स्वनिधि से ऋण

**जमशेदपुर.** मानगो नगर निगम के 30 लाभुकों को सोमवार को विभिन्न बैंकों से पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से ऋण स्वीकृत किया गया. ऋण देने वाले बैंकों में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक भिलाई पहाड़ी, केनरा बैंक आजाद नगर, बैंक ऑफ इंडिया डिमना रोड, इंडियन बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया डिमना रोड, आइडीबीआइ आदि शामिल है. कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने बताया कि सोमवार को कई बैंकों में निगम की ओर से शिविर लगाया गया था. अब तक 800 से ज्यादा आवेदन विभिन्न बैंकों में लंबित है. सभी बैंकों को 15 मार्च तक आवेदनों का निष्पादन करने को कहा गया है. इस अवसर पर झारखंड ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक संदीप कुमार, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक निर्मल कुमार, सीओ नदीम वशी, सीआरपी गायत्री नायक, होली कलूंडिया, रोमानी हांसदा, रूबी सिंह, तनुश्री चटर्जी आदि उपस्थित थे.